# बिहार विधान परिषद

**(200वां बजट सत्र)**

## 28 मार्च, 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

**कुल प्रश्न 40**

----

### नाला का निर्माण

***245 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

कृया मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के कंकड़बाग, रोड- 3 के मलाही पकड़ी चौक से पटना न्यू बाइपास तक निर्मित 90 फीट सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि नाला के निर्माण के अभाव में बरसाती पानी, दुसाधी पकड़ी, कैलाशपुरी, भाभा कॉलोनी आदि कॉलोनियों में जमा हो जाता है, जिससे वहां की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मलाही पकड़ी चौक से न्यू बाइपास तक 90 फीट सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

### कार्रवाई कबतक

***275 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्य अभियंता 03, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना ने अपने ज्ञापांक-5516, दिनांक-05.08.2019 के द्वारा दरभंगा परिसदन में दिनांक- 01.08.2021 को हुई समीक्षात्मक बैठक में विभाग के सचिव के द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में एक अनुपालन प्रतिवेदन सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को समर्पित किया था किन्तु उस आलोक में अबतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(ख) क्या यह सही है कि मुख्य अभियंता 03 का यह प्रतिवेदन सरकारी राशि के गबन से संबंधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो इस संबंध में अबतक सरकार के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने का क्या औचित्य है और क्या सरकार अब भी किसी प्रकार की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण से मुक्त

*346 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग के तहत निर्मित एवं अनुरक्षित ग्रामीण पथों के रख-रखाव की निगरानी सतत् की जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि इस कोटि के पथों को अतिक्रमण से बचाने हेतु विभाग तथा स्थानीय प्रशासन के बीच किसी प्रकार का स्थायी समन्वय नहीं होने से पथों की वास्तविक चौड़ाई कम होती जा रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कोटि के पथों को अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु कोई विशेष अभियान शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कैसे और कबतक?

----

## बंदरबांट की जांच

*347 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के प्रखण्ड बोधगया के वार्ड-11 (ग्यारह) में

पंचायत, गाफा खुर्द में एक गली का पी.सी.सी. कराने का कार्य पास हुआ है, यह गली राजेन्द्र सिंह के पूजा घर से होते हुए पंकज कुमार के घर तक है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त गली के निर्माण के लिए गिट्टी-बालू एवं अन्य सामग्री गिरायी गई थी, इस गिट्टी-बालू को वार्ड सदस्य एवं सचिव अपने घर उठाकर ले गये;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त गली का निर्माण नहीं हो पाया है एवं गली निर्माण के लिए राशि को वार्ड सदस्य एवं सचिव ने आपस में बांट लिया, इसकी शिकायत गाफा खुर्द के देवेन्द्र कुमार द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बोधगया को की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गली निर्माण के लिए निर्धारित राशि की बंदरबांट की जांच अपने माध्यम से कराना चाहती है और दोषियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## मत्स्य काउण्टर

***348 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ लि० (COMFED) के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के शहरी क्षेत्रों में दूध एवं अन्य उत्पाद की बिक्री हेतु राज्य सरकार के द्वारा जमीन उपलब्ध कराई गई है एवं काउण्टर खोलकर लोगों को हैण्डओवर किया गया है, जिससे हजारों बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध हो रहा है, साथ ही कॉम्फेड के सदस्य समितियों को कच्चे माल (दूध) से तैयार उत्पाद को प्रोसेसिंग के बाद विपणन में आसानी हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ लि० (COFFED) के माध्यम से मत्स्य विपणन / बिक्री की योजना तैयार की गई, जो कृषि रोड मैप पुस्तक वर्ष-2008 मत्स्य विकास के लिए रोड मैप (पृष्ठ 82-101) के अवलोकन से स्पष्ट है, परन्तु इसका अनुपालन नहीं हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाना चाहती है कि वह दुग्ध विपणन की तर्ज पर मत्स्य विपणन / काउण्टर खोलना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***349 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर में बूढ़ी गंडक नदी पर चंदवारा घाट में पुल निर्माण का काम 2014-15 में शुरू किया गया परन्तु अबतक इस योजना के पूरा नहीं होने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य जुल निर्माण निगम की उदासीनता के कारण संपर्क पथ हेतु भू-अधिग्रहण, मिट्टी भराई का मामला अबतक सुलझाया नहीं गया है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त पुल के बनने के बाद मुजफ्फरपुर की जनता को जाम से छुटकारा मिल जाएगा, आवागमन में काफी सुविधा हो जाएगी और एन.एच.-57 से सीधा संपर्क हो जाएगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पुल एवं संपर्क पथ का निर्माण जनहित में शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नल-जल योजना नहीं पहुंच

***350 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के फुलपरास प्रखंडान्तर्गत रामनगर ग्राम पंचायत के मौजा-गोरगामा में वर्ष 2016 से 2021-22 तक जल-नल योजना का कार्यान्वयन प्रारंभ किया गया था, जो स्तरहीन तथा आधा-अधूरा ही कार्यान्वित हो पाया, किन्तु पूरी प्राक्कलित व स्वीकृत राशि का भुगतान ले लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव में अधिष्ठापित एक भी जलमीनार कार्यरत नहीं है तथा प्राक्कलन के अनुसार बोरिंग की गहराई, पाइप का ब्यास तथा गुणवत्ता पर आधारित पाइप का छिद्रण नहीं किये जाने से शुद्ध जल जलमीनार के लिए उपलब्ध नहीं हो रहा है, क्योंकि छिद्रित किये गये नलकूप तकनीकी दृष्टिकोण से त्रुटिपूर्ण एवं दोषपूर्ण हैं;

(ग) क्या यह सही है कि जलापूर्ति की पाइप हर जगह नहीं बिछाई गई है जिससे हर घर में नल-जल योजना नहीं पहुंच पाई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस मामले की जांच कराकर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

***351 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत पुनपुन क्षेत्र में प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन क्षतिग्रस्त होने के कारण भवन ध्वस्त कर हटा दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय का कार्य निष्पादन अलग-अलग जगहों से कराया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दर्शाए गए स्थल पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पथ का निर्माण

***352 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि एमएमजीएसवाय के तहत आच्छादित मधुबनी जिला के एस.एच.- 52 से अगोरोपट्टी तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क का शिलान्यास 2018 ई. में किया गया परन्तु अब तक पथ निर्माण की प्रक्रिया आरंभ नहीं की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ निर्माण में विलंब होने के कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में तकलीफ हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कार्य तुरंत आरंभ कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जल निकासी का समाधान

***353 श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सोनवरसा प्रखंड के पुरन्दाहा

राजवाड़ा पश्चिमी पंचायत के ग्राम चिलरा में एन.एच.-77 बन जाने से लगभग 100 घर 3 महीने तक जलमग्न रहते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम के जलमग्न रहने के कारण ग्रामीणों तथा पालतू पशुओं को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ही उक्त गांव से जल निकासी का समाधान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## नाला का निर्माण

***354 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड अन्तर्गत कुरथौल पंचायत के न्यू एतवारपुर ढलाई रोड में आजाद पथ शर्मा टोला में कुंती देवी श्रीनाथ शर्मा के घर से मुसाफिर यादव के घर तक नाला एवं सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क एवं नाला निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड ‘क’ में वर्णित स्थल पर सड़क एवं नाला का निर्माण कबतक कराना चाहती है?

----

## पेंशन की बकाया राशि

***355 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि आवेदिका स्व. रामयश चौबे, रोलर खलाली, ग्राम-हरिगांव, पो०-सरैया ब्रहटा, जिला-भोजपुर, बिहार की विधवा हैं जिन्हें स्व. रामयश चौबे की विधवा रूप में पारिवारिक पेंशन विगत 2004 से अबतक नहीं दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि आवेदिका द्वारा विगत 16.04.2021 विभाग को पुनः लिखित आवेदन दिया गया है, परन्तु एक वर्ष होने को है परन्तु अभी तक इनका पारिवारिक पेंशन विभागीय आदेश होने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा स्व.

रामयश चौबे के आश्रितों को चालू वित्तीय वर्ष में पारिवारिक पेंशन की कुल बकाया राशि भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का पक्कीकरण

***356 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना के बेऊर बाईपास से दक्षिण पटना शहर का विस्तार हो रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि फुलवारी प्रखंड अंतर्गत महावीर कॉलोनी रोड नंबर- 14 से श्री रामाधार सिंह के मकान से पश्चिम एक कच्ची सड़क निराकार संत कॉलोनी, कबीर पथ ट्रांसफार्मर से दक्षिण हीता राम के मकान के दक्षिण से रामसागर यादव के मकान तक जाती है;

(ग) क्या यह सही है कि लगभग दो दशक से उक्त सड़क के दोनों किनारे लोग बसे हुए हैं लेकिन अभी तक सरकार द्वारा आवागमन की सुविधा हेतु कोई ध्यान नहीं दिया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सात निश्चय योजना- 2 के अंतर्गत खंड 'ख' में वर्णित पथ को जनहित के दृष्टिकोण से नाला सहित उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कब्जा से मुक्त

***357 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर अंचल मौजा गायघाट थाना सं.- 411, खेसरा- 177 पर सन् 1963 में राज्य सरकार द्वारा पशुपालन औषधालय का निर्माण किया गया था, जिसका उद्घाटन उच्चतम न्यायालय के तात्कालीन मुख्य न्यायधीश जस्टिस बी०पी० सिन्हा ने किया था;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 1990 के बाद इस अस्पताल में जानवरों की चिकित्सा बंद कर दी गयी, रख-रखाव के अभाव में अस्पताल भवन खंडहर में तब्दील हो चुका है, यहां तक कि भवन के दरवाजे एवं खिड़की को चोर-उचक्के निकाल लिये हैं;

(ग) क्या यह सही है कि अस्पताल की भूमि जो सरकारी है, पर स्थानीय पदाधिकारियों की मदद से लोगों ने कब्जा जमा लिया है, चर्चा है कि संबंधित अधिकारी की मिली-भगत से इस जमीन की बंदोबस्ती व्यक्ति विशेष के नाम कर दी गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अस्पताल की भूमि को कब्जा से मुक्त कराने के साथ ही औषधालय पुनः चालू कराने की दिशा में विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का जीर्णोद्धार

***358 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत बेगूसराय जिला अन्तर्गत एन.एच.- 31 खातोपुर से अयोध्यावाड़ी-सूजा-भर्रा-साख-तरैया-अझौर तक 7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 2011 के कालखंड में हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि विगत 10 वर्षों में इस क्षेत्र की जनसंख्या में बहुत तेज वृद्धि हुई है, सड़क से लाभान्वित होने वाले लोगों में 95 प्रतिशत आबादी पिछड़े एवं अनुसूचित जाति समुदाय की है, अभी यह सड़क काफी कंजसटेड हो चुकी है और स्थानीय निवासियों को बहुत दिक्कत हो रही है, सड़क जर्जर एवं संकीर्ण है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्थानीय लोगों के हित में सड़क के जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुल का निर्माण

***359 श्री संजय सिंह (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के रायपुर पंचायत में पहाड़पुर ढाला से तेलडिहा गांव तक बन रही सड़क के बीच पुल का निर्माण नहीं होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना पड़ रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पहाड़पुर ढाला से तेलडिहा गांव के बीच बन रही सड़क में पुल का निर्माण कराना चाहती है, यदि

हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि का भुगतान

***360 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखण्ड के नारायणपुर पंचायत में वर्ष 2021-22 में लगभग 100 लाभार्थी का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सभी चयनित लोग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी मानकों को पूरा करते हैं एवं सभी का नाम BPL सूची में भी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त सभी चयनित लोगों को अभी तक योजना का लाभ नहीं मिल पाया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इन चयनित लोगों को इस योजना की राशि का भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सड़क का निर्माण

***361 डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना-औरंगाबाद 139 एन.एच. एवं बैदराबाद-शिवगंज S+168 को जोड़ने वाली सड़क दरियापुर मध्य विद्यालय से हरना टोला होते परमपुरा (छोवि बिगहा) कानदु टोला होकर बलिदाद जाने वाली सड़क के अधूरा रहने के कारण आम-जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) क्या यह सही है कि करपी, अरवल होते हुए कलेर प्रखंड की बड़ी आबादी को उक्त सड़क से आने-जाने में काफी सुविधा हो जाएगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## आवश्यक कार्रवाई

*362 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **भवन निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत लाल बहादुर शास्त्री नगर स्थित आवास सं०- 355/800, 251/800 एवं 81/400 की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, तथा इन भवनों पर झाड़-झंखाड़ उग आए हैं जो भवन को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सभी आवासों की वार्षिक मरम्मती एवं रख-रखाव के लिए प्रत्येक वर्ष विभाग द्वारा एक निश्चित राशि आवंटित की जाती रही है, किन्तु आवासों की मरम्मती नहीं की जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस मामले की जांच कराकर संबंधित पदाधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पुल का निर्माण

*363 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड अन्तर्गत पंचायत-मतेया खास के ग्राम-रामपुर भैसही से प्रखंड उच्चकागांव की पंचायत हरपुर स्थित गांवों को जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री सड़क का निर्माण कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों से गांवों की दूरी लगभग 08 किलोमीटर है, और दोनों सड़कों के बीच धरधट्टी स्थित खोखी नदी आती है जिसमें पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को गांव जाने में काफी दूरी तय करनी पड़ती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों की दूरी कम करने के लिए धरधट्टी स्थित खोखी नदी पर पुल निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का निर्माण

*364 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंड अन्तर्गत पंचायत-मतेया खास के ग्राम-रामपुर भैसही से प्रखंड फुलवरिया की पंचायत चमारीपट्टी के ग्राम रघुनन्दनपुर पी.डब्ल्यु.डी. मुख्य पथ कुचायकोट-मैरवा पथ को जोड़ने वाले पथ का निर्माण नहीं कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों को जोड़ने वाली सड़क में रामपुर भैसही वाली सड़क जो ईंट सोलिंग है और उसी पथ में वर्षों पुराना पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है और आवागमन में काफी परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंड स्थित रामपुर भैसही गांव में ईंट सोलिंग पथ को पक्की सड़क निर्माण कराते हुए पुल निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## वेतन भुगतान

***365 श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के नियुक्ति आदेश, ज्ञापांक- 7 स्था. (05) वर्ग- 4-41/2054, दिनांक- 16.07.2021 के आलोक में किशनगंज जिला के विभिन्न पशु चिकित्सालयों में 16 चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त आदेश से नियुक्त कर्मियों की नियुक्ति सम्पुष्टि हेतु जिला पशुपालन पदाधिकारी, किशनगंज के कार्यालय पत्रांक- 742/31.03.2021 एवं पत्रांक- 247/23.08.2021 द्वारा निदेशक, पशुपालन विभाग से आग्रह किया जा चुका है, परन्तु अभी तक सम्पुष्टि नहीं हो पाई है;

(ग) क्या यह सही है कि सम्पुष्टि नहीं होने के कारण इन कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय शिथिलता को दूर कर सभी कर्मियों को वेतन भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक एवं नाला का निर्माण

***366 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला शहरी सी.एम. आर्ट कॉलेज से डोनर रेलवे गुमटी तक सड़क एवं नाला का निर्माण नहीं कराया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि वार्ड नं.- 24 में एल.एन. मिश्रा पथ के दोनों ओर नाला सह एक कल्वर्ट का निर्माण करना आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्थान पर सड़क एवं नाला का निर्माण कबतक करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

***367 श्री ललन कुमार सर्राफ (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य में मनरेगा योजना के तहत निबंधित बेरोजगार मजदूरों को किये गये कार्य का तुरन्त भुगतान एवं उपयोगी सामान देने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि मनरेगा योजना के तहत अकर्मण्य पदाधिकारियों के चलते मजदूरों को ससमय भुगतान नहीं हो पाने तथा सामग्री मद में भी विगत 6 माह से लगभग 500 करोड़ शेष रहने से कार्य प्रभावित हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि का ससमय भुगतान करने एवं संबंधित दोषी पदाधिकारियों को चिन्हित कर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## दोषियों को दंडित

***368 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला में क्रेशर मंडी बंद होने के बाद किसानों के लगभग 300 बीघा में रखे उन्नीस लाख सीएफटी पत्थर को न तो क्रेशर मालिक हटा रहे हैं और न विभाग द्वारा हटाया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि पत्थर नहीं हटाए जाने के कारण किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं और उनके समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गई है;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा इन पत्थरों की रखवाली के नाम पर लाखों रुपए अवैध व्यय किए जा रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में पत्थर हटवाने की प्रक्रिया शुरू करना चाहती है और इस संपूर्ण मामले की जांच कराकर दोषियों को दंडित करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक का कालीकरण

***369 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत बख्तियारपुर प्रखण्ड के ग्राम करौता के गौतम टोला में सड़क जर्जर हालत में है, मिट्टी की भराई और गिट्टी की भी भराई हुई है, लेकिन कालीकरण नहीं कराया गया है, काम किए गए तीन साल बीत गए हैं पर अभी तक काम पूर्ण नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्राम-डोमा, ग्राम-लखीपुर, ग्राम-सालीमपुर, ग्राम-घन्सुपुर इन सब में जाने का यह मुख्य रास्ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गौतम टोला, ग्राम करौता में कालीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सड़क का निर्माण

***370 डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि जहानाबाद जिला में मखदुमपुर प्रखण्ड में बनावर पहाड़ी से पतल गंगा तक सड़क जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क जर्जर होने के कारण इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल पर आने-जाने वालों को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनावर पहाड़ी में पतल गंगा तक की सड़क को कबतक बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक का जीर्णोद्धार

***371 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमंडल के अंतर्गत अरडिया संग्राम चौक के नजदीक एन.एच.- 57 से लेकर रतुपार गांव होते हुए अलपुरा तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर हो चुकी है जिसकी मरम्मती हेतु निविदा आदि प्रकाशित करने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी थी;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क के जीर्णोद्धार नहीं होने के कारण इस रास्ते रतुपार, ताजपुर, अलपुरा,ननौर आदि गांवों में जाने वाले ग्रामीणों को बहुत कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पशु चिकित्सालय में विद्युतीकरण

***372 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि सिवान जिला के दरौंदा प्रखंड के ग्राम पंचायत-पाण्डेयपुर में आज से सात वर्ष पूर्व भवन निर्माण निगम द्वारा 60 लाख की लागत से एक पशु चिकित्सालय का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पशु चिकित्सालय में विद्युतीकरण नहीं होने के कारण पशुओं का कृत्रिम गर्भाधारण नहीं हो पा रहा है, जिससे उस क्षेत्र के पशुपालकों को काफी परेशानी हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पशु चिकित्सालय में कबतक विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है?

----

## पथों की मरम्मती

***373 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला के NH-31 से 55 ढाला लाखों बेगूसराय से सफापुर सड़क का निर्माण दो वर्ष पूर्व कंक्रीट ढलाई से हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि सफापुर से दरियापुर तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया गया था;

(ग) क्या यह सही है कि दो वर्षों के अन्दर ही दोनों सड़कों पर जहां-तहां गड्ढे हो गये हैं और सड़क धंस गयी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दोनों पथों का उन्नयन और मरम्मती कराना चाहती है?

----

## नाला का निर्माण

***374 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पंचायती राज** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अन्तर्गत लोशघानी पंचायत में बाढ़ो यादव के घर से ओमप्रकाश मालाकार के घर तक नाला का निर्माण नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि नाला निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित स्थल पर नाला का निर्माण कराना चाहती है?

----

## आवास निर्माण की व्यवस्था

***375 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिला के चंडी प्रखंड के ग्राम+पो०+पंचायत-सिरनाम, थाना-बेना के ललिता देवी, पति-स्व. रामजतन प्रसाद, रहुई प्रखंड की पंचायत बैठना, थाना-बेना पो०-भागन विगहा, ग्राम-चुरामन विगहा की अनिता देवी, पति-अरूण कुमार एवं कविता देवी, पति-भूषण कुमार, प्रखंड+थाना-नूरसराय, पंचायत-जगदीशपुर तियारी, ग्राम-मकनपुर पोखर पर, पो०-बडरा के जगदेव यादव पिता-सुकु यादव, प्रखंड +ग्राम+थाना+पो०-नगरनौसा के लकवा से ग्रसित वृजनंदन पंडित, पिता-स्व. हरिश्चन्द्र पंडित का अत्यंत गरीबी स्थित में रहने के कारण उनके लिए उनके निवास स्थान पर अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' पर अंकित व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत आवास निर्माण करने में संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी एवं संबंधित पदधारकगण सक्रिय हैं;

(ग) क्या यह सही है कि नालंदा जिला में आवास विहीन व्यक्तियों के लिए आवास निर्माण हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में राशि उपबंध की जाती रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा खंड 'क' पर अंकित व्यक्तियों के निवास स्थान पर अभी तक किस परिस्थिति में आवास निर्माण हेतु व्यवस्था नहीं की गई है और उन्हें कबतक आवास निर्माण कर उपलब्ध करा दिया जाएगा?

----

## पथ का चौड़ीकरण

*376 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के एन.एच.- 104 से बासुकी चौक से मधवापुर तक की सड़क संकीर्ण और जर्जर होने के कारण आम लोगों को यातायात में बहुत परेशानी होती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार की आवश्यकता वर्षों से महसूस की जा रही है परन्तु अबतक इस पर निर्णय नहीं लिया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सडक का निर्माण

*377 **श्री संजय सिंह (मनोनीत):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के कहारपुर और गोविंदपुरी मुसहरी अभी भी पक्की सड़क विहीन हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त क्षेत्रों में सड़क नहीं रहने के कारण गर्भवती माताओं और किसानों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोविंदपुर मुसहरी से कहारपुर होते हुए भवनपुरा तक सड़क बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सिंचाई का लाभ

*378 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा)ः**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि प्रदेश के 18 जिलों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना संचालित की जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना की शुरुआत में 16 जिलों को शामिल किया गया था परन्तु बाद में बेगूसराय तथा भोजपुर को जोड़ा गया;

(ग) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी की भौगोलिक स्थिति बेगूसराय जिला से मिलती-जुलती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के अन्तर्गत सीतामढ़ी जिला को जोड़कर लाखों किसानों को सिंचाई का लाभ दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## तालाब का सौंदर्यीकरण

*379 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा)ः**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि बख्तियारपुर प्रखंड पटना जिला अन्तर्गत ग्राम करौता डोमा

लखीपुर में तालाब ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा खुदाई किया गया है, लेकिन नरेगा से सौंदर्यीकरण नहीं किया जा सकता है, उसमें पानी बहुत गंदा हो जाने के कारण आम जनता को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है कि बहुत दिनों से तालाब ग्राम लखीपुर और ग्राम डोमा तालाब के सौन्दर्यीकरण की मांग की जा रही है जिससे आम जानता को मच्छर के प्रकोप से राहत मिल सके ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या इसी वित्तीय वर्ष में ग्राम लखीपुर एवं डोमा में तालाब का सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पशु चिकित्सालय का निर्माण

*380 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **भवन निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत मरांची में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण कराये जाने हेतु राशि स्वीकृति है;

(ख) क्या यह सही है कि पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति अबतक नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य लंबित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बताएगी कि प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण कराये जाने का क्या वह कोई विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करने का विचार

*381 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण CSDCI (Construction Skill Development Council of India) द्वारा मान्यता प्राप्त एवं राज्य द्वारा चयनित प्रशिक्षण दाता एजेंसियों द्वारा किये जाने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

अंतर्गत राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण हेतु "महाबोध संस्थान" को 55 लाख रुपये का भुगतान किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि "महाबोध संस्थान" न तो CSDCI द्वारा मान्यता प्राप्त है और न ही राज्य द्वारा चयनित प्रशिक्षण दाता एजेंसी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभाग के दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पानी का निकास

***382 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखंड की बराह पंचायत के कल्याण बिगहा गांव में भारतीय स्टेट बैंक एवं दुग्ध समिति के आगे तालाब है जिसमें गांव के लोगों के घरों से पानी का निकास होता है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त तालाब से पानी का निकास कहीं नहीं होने से खास कर बरसात के दिनों में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित तालाब से पानी का निकास गांव के पश्चिम तालाब में कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिक्रमण मुक्त

***383 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिले के हिलसा अंचल अन्तर्गत मिर्जापुर पंचायत स्थित मौजा सरदार बिगहा, थाना नं.- 93 में खाता- 56, खेसरा-115, रकबा- 63 डि. गड्ढा (खाता) आम गैर मजरुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव की इस आम जमीन का कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर "जल जीवन हरियाली" अभियान के तहत कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----